सफीदों से प्रकाशित मासिक हिन्दी समाचार पत्र

# स्वास्तिक 卐 न्यूज

मुख्य संपादक: विनय दिवान (मो. 94160-73460) संपादक: अभिषेक दिवान (मो. 74047-09000)

swastiknewssafidon@gmail.com | सफीदों | शनिवार, 21 सितंबर, 2024 | वर्ष :03 | अंक :10 प्रति शुल्क: 02/- | RNI No. HARHIN/2021/87376

https://swastiknewsharyana.in/ | //facebook.com/swastiknews | YouTube SWASTIKNEWS

# चुनावी समीकरण: सुभाष गांगोली को समाजसेवी छवि के साथ-साथ कांग्रेस लहर का मिल सकता है फायदा



## हरियाणा की सफीदों विधानसभा ऐसी सीट, जहां भाजपा के दो बागी लड़ रहे चुनाव





स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

सफीदों। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के अब महज 2 हफ़्ते बाकी है। पूरे हरियाणा में अभी भी सबसे ज्यादा हॉट सीट सफीदों बनी हुई हैं।

निर्दलियों के मैदान में आने से मुकाबला अब और भी रोचक होता दिख रहा है। जहां एक तरफ कांग्रेस पार्टी को सुभाष गांगोली की साफ समाजसेवी छवि और प्रदेश में कांग्रेस लहर का फायदा मिल रहा है तो दूसरी तरफ बीजेपी में फुट की खबरे भी अब साफ तौर पर सामने आने लगी हैं। कांग्रेस पार्टी के मैनिफेस्टो आने के बाद से हरियाणा के युवा, बेरोजगार और महिलाएँ कांग्रेस पार्टी की तरफ लगातार आकर्षित हो रही है। कांग्रेस के 7 निश्चयों जिनमे से 2 लाख सरकारी नौकरी,महिलाओं को हर महीने 2 हजार रुपए और 500 में गैस सिलेंडर तथा बुजुर्गों को 6000 बुढ़ापा पेंशन के वादों ने सभी वर्गों के हितों को साधने का काम किया है जिसका कहीं ना कहीं फर्क. सफीदों विधानसभा सीट पर पड़ेगा। इस वजह से मुख्य मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी पार्टी में ही देखने को मिल रहा है।

पूर्ण बहुमत की सरकार के लिए मुख्य रूप से भिड़ंत इन्ही दो दलों के बीच में हैं।

### ब्राह्मण समाज बना रहा भाजपा से दूरी

भाजपा के बड़े नेता प्रोफेसर रामबिलास शर्मा जिन्होंने डॉक्टर मंगल सेन के साथ मिलकर हरियाणा में भाजपा की नींव रखी थी, अब उनको महेंद्रगढ़ विधानसभा से टिकट नही मिलने से पूरे प्रदेश में ब्राह्मण समाज बीजेपी से नाराज दिखाई दे रहा है। जिसका असर सफीदों विधानसभा सीट पर भी पड़ सकता है और जिसका फायदा कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुभाष गांगोली को मिल सकता है

### कांग्रेस के 2 लाख पक्की नौकरी का वादा कर रहा सफीदों के युवाओं को आकर्षित

सुभाष गांगोली ने अपनी हर जनसभा में युवाओं को पक्की नौकरी का वादा किया है, जो युवाओं को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है । सुभाष गांगोली ने घोषणा की थी कि कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही युवाओं को कच्ची नौकरियों से मुक्ति मिलेगी और कांग्रेस की सरकार बनते ही 2 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी ।

### सुभाष गांगोली को मिल सकता है स्थानीय समाजसेवी व कांग्रेस पार्टी की लहर का फायदा

मौजूदा विधायक सुभाष गांगोली को अबकी बार भी स्थानीय होने का फायदा मिल सकता है, जबकि इसी चीज का सबसे ज्यादा नुकसान बीजेपी के दादा को उठाना पड़ सकता है। निर्दलीय उम्मीदवार भी बाहरी होने का तंज बार-बार बीजेपी पार्टी के प्रत्याशी पर लगा रहें हैं। जिसका कहीं ना कहीं फर्क. मतदाताओं पर पड़ता हुआ देखा जा सकता है।

## लगातार बढ़ता चला जा रहा कांग्रेस का कुनबा : सुभाष गांगोली







स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

**सफीदों।** कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ता चला जा रहा है। सफीदों में हर रोज कहीं ना कहीं लोगों की ज्वानिंग कांग्रेस पार्टी में हो रही है। जिससे कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष गांगोली की मजबूती दिन-प्रतिदिन बढ़ती चली जा रही है। गांगोली की बढ़ती मजबूती और लोकप्रियता से विरोधियों के होश उड़ गए हैं। विधायक सुभाष गांगोली की फिर से जीत पक्की होती और हरियाणा भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार बनती देखकर हर कोई सुभाष गांगोली के साथ जुड़ने का अग्रसर हो रहा है। इसी कड़ी में सफीदों के पूर्व पार्षद एवं बीजेपी नेता गौरव रोहिला पहले ही सुभाष गांगोली का हाथ थाम चुके हैं। उसके बाद जब सफीदों भूपेंद्र सिंह हुड्डा पहुंचे तो उनके सानिध्य में पूर्व पार्षद और बीजेपी नेता नरेश जांगड़ा कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। बता दें कि पूर्व पार्षद नरेश जांगड़ा भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. अशोक तंवर के खासमखास रहे हैं। उससे अगले दिन 21 साल से बीजेपी सदस्य रहे और बूथ 71 के अध्यक्ष विनोद प्रजापत और नरेश कुमार ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। इसके अलावा हीरानंद शर्मा व चंद्रप्रकाश शर्मा ने परिवार सहित आम आदमी पार्टी को छोड़कर कांग्रेस परिवार का हिस्सा बनते हुए सुभाष गांगोली का दामन थाम लिया। विधायक सुभाष गांगोली मानते हैं कि इतने सारे वरिष्ठ लोगों का जुड़ना कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और जनता की भलाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इन महानुभावों के जुड़ने से उनका संघर्ष और भी अधिक मजबूत हुआ है। सभी लोग साथ मिलकर प्रदेश में विकास, समृद्धि और जनकल्याण की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।

## सरकार द्वारा अध्यापकों को अनावश्यक कार्य में उलझाए जाने पर जताया रोष

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान



जींद। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान साधुराम की अध्यक्षता में स्थानीय अक्षर भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवनियुक्त खंड प्रधान एवं सचिव तथा निवर्तमान खंड प्रधान एवं सचिव सहित समस्त जिला कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए साधु राम ने सरकार द्वारा अध्यापकों को शैक्षणिक तथा अनावश्यक कार्य में उलझाए रखने की कार्रवाई की निंदा की। उन्होंने उल्लास जैसी परियोजनाओं के लिए सरकार द्वारा अलग से स्वयंसेवक भर्ती करने की मांग की है। परंतु निदेशालय में पदस्थ कुछ अधिकारी अपनी नौकरी बचाए रखने के लिए प्रदेश के अध्यापकों को अनावश्यक गैर शैक्षणिक कार्यों तथा प्रशिक्षण में उलझाए रखना चाहते हैं। इस प्रकार उन अधिकारियों का उद्देश्य जन शिक्षा के ढांचे को नष्ट करना तथा शिक्षा विभाग का निजीकरण करना प्रतीत होता है। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जन शिक्षा के ढाँचे को बचाने तथा शिक्षक वर्ग के हितों की रक्षा के लिए अनवरत संघर्ष करता रहेगा। जिला सचिव मामराज जांगड़ा ने बताया कि आगामी 23 सितंबर को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की नई जिला कार्यकारिणी का चुनाव डिफेंस कॉलोनी स्थित गोल स्कूल में प्रस्तावित है। जिला सचिव ने उपस्थित सभी शिक्षकों से इस चुनाव प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में संजीव सिंगला, वेदपाल रिढाल, महेंद्र गौतम, परमात्मा प्रसाद, शमशेर कौशिक, हैप्पी मोर, रणधीर सिंह, सतीश बावा, वेद सरोहा आदि ने विचार व्यक्त किए।

भाजपा के हरियाणा चुनाव संकल्प पत्र में 20 वादे

# हम संकल्प पत्र में ऐसी घोषणा नहीं करते हैं, जो पूरी न कर सकें : जेपी नड्डा

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

**रोहतक।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को हरियाणा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र में अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी दी गई है। महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने का वादा किया है। य

ह राशि कांग्रेस के कल जारी घोषणा पत्र से 100 रुपए ज्यादा है। इसमें 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने जैसी 20 बातें हैं।

रोहतक में संकल्प पत्र जारी करते हुए नड्डा ने कहा कि अस्पतालों में डायलिसिस फ्री होगा और चिरायु आयुष्मान योजना में 10 लाख तक इलाज मुफ्त हो सकेगा। नड्डा ने कहा कि भाजपा ने 20 संकल्प रखे हैं। हरियाणा के विकास को नॉन स्टॉप रखने के लिए सिग्नल आपको डाउन करना है।


वह किसका करना है, ये आपको तय करना है। इस प्रोग्राम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के अलावा बड़े नेता मौजूद थे।

**कांग्रेस का रियल मेनिफेस्टो जमीन घोटाला**

जेपी नड्डा ने कहा हरियाणा की छवि 10 साल पहले क्या थी?। पहले हरियाणा में नौकरी के लिए पर्ची-खर्ची चलती थी। नौकरी के कारण लोगों को सजाएं तक हुईं। हरियाणा जमीनों के घोटाले के लिए जाना जाता था। उनका रियल मेनिफेस्टो ये था कि जमीन का घोटाला, किसानों की जमीन को हड़पना, उनकी जमीन की श्रेणी को बदलना।

**भाजपा का संकल्प पत्र सीरियस डॉक्यूमेंट**

मेनिफेस्टो को विरोधियों ने डायल्यूटेड बना दिया। भाजपा के लिए संकल्प पत्र सीरियस डॉक्यूमेंट है। हम जो कहते हैं, वही करते हैं। इससे आपको साफ दिखेगा कि हरियाणा बदला है। हरियाणा का एक्सपोर्ट दस साल में 68 हजार करोड़ से बढ़कर ढाई लाख करोड़ से ज्यादा का हो चुका है। पहले 7 मेडिकल कॉलेज होते थे, जो आज 15 हो चुके हैं। पहले मेडिकल कॉलेज में MBBS की 700 सीटें थी, जो आज 2 हजार से ज्यादा हैं। 10 साल पहले 500 गांवों में बिजली थी, आज




5800 गांवों में बिजली पहुंच चुकी है।

**कांग्रेस किसानों को 1-2 रुपए मुआवजा देती थी**

यहां किसान की चर्चा बहुत होती है। कांग्रेस में ऐसे-ऐसे नेता हैं, जो किसानों की बात करते हैं, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि पहले किसानों को मुआवजे में 1-2 रुपए के चेक मिलते थे। आज सरकार किसानों को लाखों रुपए दे रही है। किसानों को पहले प्रति एकड़ 6 हजार रुपए मुआवजा मिलता था, लेकिन अब 15 हजार रुपए कर दिया गया है।

**पहले 8, अब 24 फसलों पर टरढ दे रहे**

किसानों को पहले 8 फसलों पर एमएसपी देते थे, लेकिन आज 24 फसलों पर दे रहे हैं। सरकार ने हर खेत तक पानी पहुंचाया। खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक हजार खेल नर्सरी बनाईं। पहले दिल्ली से हरियाणा के लिए चार घंटे लगते थे, लेकिन आज एक घंटा भी नहीं लगता। ये फर्क आपको साफ दिख रहा है।

**हरियाणा का रेल बजट 9 गुना बढ़ाया**

हरियाणा में रेलवे का बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 गुना बढ़ा दिया है। मैंने ये सारी बातें आपको इसलिए बताईं कि आप जनता के सामने सच की स्थिति को स्पष्ट कर सकें। भाजपा के लिए संकल्प पत्र एक सीरियस डॉक्यूमेंट हैं, इसमें हमने जो वादे किए हैं। वह 100 प्रतिशत देंगे।

**मेनिफेस्टो कमेटी चेयरमैन बोले-2 लाख से ज्यादा सुझाव लिए**

संकल्प पत्र के लिए हमने 2 लाख से ज्यादा लोगों के सुझाव लिए। कमेटी ने हर जिले में जाकर समाज के हर वर्ग से बातचीत करने की कोशिश की। इस बार हमारे घोषणा पत्र में एरिया वाइज जरूरत की चीजों का शामिल किया है। इस संकल्प पत्र में महिला, युवा, किसान, उद्योगपति, छोटे व्यापारी, पिछड़े वर्ग के लोग, हमारे बेरोजगार युवा समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ रखा गया है। हम संकल्प पत्र में ऐसी घोषणा नहीं करते हैं, जो पूरी न कर सकें। जो बजट है, उसी के हिसाब से वादे किए हैं। धनखड़ ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि कुछ पार्टियां ऐसी घोषणाएं करती हैं जो वह कभी पूरी नहीं कर पातीं।

**सीएम नायब सैनी बोले- भ्रमित करने वाले वादे नहीं करते**

सीएम नायब सैनी ने कहा- 2014 के मेनिफेस्टो के सारे 187 वादे पूरे किए। ऐसे ही 2019 में हमने 265 वादे अपने संकल्प पत्र में किए थे, जो हमने पूरे किए। तभी जनता भाजपा पर 10 सालों से भरोसा करती आ रही है। दूसरे दल भ्रामक वादे करते हैं। हमारे 24 हजार युवा साथी थे, जिनके भर्ती परिणाम को कांग्रेस के भर्ती रोको गैंग ने रोक दिया।

## महिला व उसके छह साल के बेटे की हत्या करने का आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

स्वास्तिक न्यूज/ विशाल

**सफीदों।** सफीदों स्थित वार्ड नंबर दो के मकान से अज्ञात महिला व एक बच्चे की गली-सड़ी लाश कंकाल की अवस्था में मिलने के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में सूर्या कालोनी रोहतक निवासी अजय उसकी पत्नी पिंकी व अजय की बुआ के लड़के गांव डीडवाना निवासी विनोद उर्फ केडी सिरोही को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अजय के मृतका के साथ अवैध संबंध थे। जिन्हें उसकी पत्नी ने पकड़ लिया था। जिस पर अजय, उसकी पत्नी व बुआ के बेटे ने मिल कर मृतका व उसके बेटे की हत्या कर शव को मकान के बाथरूम में सड़ने के लिए छोड़ दिया था। जबकि मृतका के एक बेटे को मारने की नीयत से पंजाब के जंगलों में फैंक दिया था। जिसे पंजाब पुलिस ने बरामद कर लिया है और चंडीगढ़ में उपचाराधीन है।सफीदों के वार्ड दो निवासी दीपक के मकान से गत 16 सितंबर को एक महिला व बच्चे का शव कंकाल के रूप में मिला था। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए हत्या के मामले में जल्द खुलासा करके आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उप पुलिस अधीक्षक सफीदों उमेद सिंह के नेतृत्व में सीआईए व थाना शहर सफीदों की टीमों का गठन किया गया था।

**उप पुलिस अधीक्षक सफीदों उमेद सिंह ने बताया कि पुलिस जांच में**

मृतका के पति की पहचान गांव भागलपुर तहसील बेरी झज्जर निवासी मनीष के रूप में हुई। मनीष द्वारा गत 14 अगस्त को उसकी पत्नी कोमल (25), बेटे अरनव (5) व आरव (6) के बेरी से लापता होने पर गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया हुआ था। 11 सितंबर को लडका अरनव उर्फ कबीरा बलौंगी जिला मोहाली पंजाब के जंगलों में सुनसान जगह व घायल अवस्था बरामद हुआ था। जिसका इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है।

मनीष ने मृतका के कपडों से अपनी पत्नी की पहचान करते हुए रिश्तेदार सूर्या कालोनी रोहतक निवासी अजय पर जताई थी। जिस पर पुलिस की टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपित अजय व उसकी पत्नी प्रियंका उर्फ पिंकी को गिरफ्तार कर लिया। अजय व पिंकी की शिनाख्त पर अजय की बुआ के लड़के विनोद उर्फ केडी सिरोही निवासी डीडवाना को भी गांव डीडवाना से काबू कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में सूर्या ने बताया कि उसके अवैध संबंध मृतका के साथ थे। जबकि वह गांव गन्नौर निवासी प्रियंका उर्फ पिंकी के साथ विवाहित है। दोनों को एक बेटी भी है। जुलाई माह में अजय ने उसकी बुआ के लड़के विनोद उर्फ केडी के माध्यम से पानीपत रोड सफीदों में एक मकान किराये पर लिया था।

## हनी ट्रैप का सवा साल से फरार चल रहा आरोपित चढ़ा पुलिस हत्थे



स्वास्तिक न्यूज/ विशाल

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने हन्नी ट्रैप में मामले में लगभग सवा साल से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव चंदाना निवासी नरेंद्र ने 25 मई 2023 को शहर थाना नरवाना को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि नरवाना की एक महिला अपना गिरोह बना कर उसे हनी ट्रैप के मामले में फांस कर 25 लाख रुपयों की डिमांड कर रही है। जिसके आधार पर सीआईए की एक विशेष टीम का गठन किया गया।

महिला तथा उसके साथियों को पुलिस ने पीड़ित से छह लाख की किश्त लेते काबू किया था। पुलिस पूछताछ में गांव घासो निवासी विक्की का नाम सामने आया था। घटना के बाद से आरोपित भूमिगत था। पुलिस को पिछले सवा साल से आरोपित की तलाश थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि विक्की अपने घर आया हुआ है।

## जो हमें वोट दिलवाएगा, वही हमारा है, बोले-मुझे ही अपना उम्मीदवार मानकर डाल दें वोट: भूपेंद्र हुड्डा



स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

**पानीपत।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के स्टार प्रचारक एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुरुवार को पानीपत पहुंचे। उन्होंने इसराना और पानीपत ग्रामीण विधानसभा में जनता को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आप लोगों ने विपक्ष में रहते हुए भी हमेशा मेरा साथ दिया है। इसलिए आप मुझे अपना प्रत्याशी मानकर कांग्रेस को वोट दें। आपने कांग्रेस पर जो भरोसा जताया है, वह व्यर्थ नहीं जाएगा। कांग्रेस जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगी और हर वर्ग की समस्याओं का समाधान करेगी। साथ ही जनता को इनेलो, जेजेपी और एचएलपी जैसी पार्टियों और निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे वोट कटवाओं से सावधान रहना चाहिए। क्योंकि मुकाबला सीधा कांग्रेस और भाजपा के बीच है। वोट कटवाओं को दिया गया हर वोट भाजपा को फायदा पहुंचाएगा।

**हुड्डा के समझाने पर सभी गुटों के नेता रथ पर सवार हुए**

भूपेंद्र सिंह हुड्डा हेलीकॉप्टर से गांव डाहर के स्टेडियम पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी से टिकट मांग रहे सभी नेताओं के साथ बैठक की और उन्हें मनाने का प्रयास किया। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से कहा कि कांग्रेस से टिकट पाने वालों का समर्थन करें। इसके बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा बसनुमा रथ पर सवार होकर जनसभा में पहुंचे। खास तौर पर पानीपत ग्रामीण और शहरी विधानसभा के लिए टिकट मांग रहे हर गुट के अधिकतम नेता इस रथ पर सवार थे।

**नाराज नेताओं को संदेश; जो वोट दिलवाएगा वहीं हमारा है**

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने लोगों को संबोधित करते हुए बीजेपी की नाकामियां गिनवाई और कांग्रेस के शासन को अच्छा बताया। ग्रामीण सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार सचिन कुंडू के लिए लोगों को कहा कि हमारा कैंडिडेट सिर्फ सचिन कुंडू है। हुड्डा ने नाराज नेताओं को क्लियर संदेश देते हुए कहा कि जो सचिन कुंडू को वोट दिलवाएगा वहीं हमारे साथ है और वही हमारा है।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग आपको गुमराह करेंगे, लेकिन आपको होना नहीं है। हुड्डा ने कहा कि एक काम आप मेरा कर दो एक काम मैं आपका कर दूंगा। आप हमारे प्रत्याशियों को जितवा दो और मैं आपकी सरकार बना दूंगा। भूपेंद्र हुड्डा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हमारा क्राइटेरिया जिताऊं और टिकाऊ का था।

**बीजेपी ने हमारा ही घोषणा पत्र किया कॉपी पेस्ट**

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने जो घोषणापत्र जारी किया है, यह हमारा ही कॉपी पेस्ट है। बीजेपी 2014 और 2019 में किए गए अपने वादों को पूरा नहीं कर पाई, उसने जनता को बरगलाने के लिए 2024 में नए जुमले उछाल दिए हैं। लेकिन अब जनता के सामने इस की सच्चाई उजागर हो चुकी है। जनता अब किसी छलावे का शिकार नहीं होगी। हुड्डा ने कहा कि हमने घोषणापत्र से आगे बढ़कर किसानों की कर्जमाफी व बिजली के बिल माफ किए। कांग्रेस 2024 में किए गए अपने सभी वादों को भी पूरा करेगी।

## सोशल अकाउंट पर हथियारो की नुमाइश करना चार युवकों को पड़ा महंगा

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर चार युवकों को सोशल मीडिया पर हथियारों की नुमाइश करना महंगा पड़ गया। युवकों ने हथियारों के साथ अपने सोशल अकाउंट पर अपनी फोटो अपलोड की हुई थी। संबंधित थाना पुलिस ने चारों युवकों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआइए स्टाफ को सूचना मिली थी कि युवक आदि राणा ने अपने सोशल अकाउंट पर हथियारों के साथ फोटो अपलोड की हुई है। पुलिस ने जब उसकी आईडी को खंगाला तो वह कुछ युवकों के साथ हथियारों की नुमाइश करता दिखाई दिया। वहीं गांव ढाकल निवासी गुरमीत के सोशल अकाउंट पर उसके हथियारों के साथ फोटो अपलोड मिले। वहीं अर्बन एस्टेट निवासी जयदीप के हथियारों के साथ फोटो उसके सोशल अकाउंट पर अपलोड मिले। वहीं गाव गतौली निवासी नवीन ने भी अपने सोशल अकाउंट पर हथियारों के साथ फोटो अपलोड की हुई थी।

## प्राइवेट बसों में रियायती पास नहीं होंगे मान्य, विद्यार्थियों को टिकट लेकर चलना होग

स्वास्तिक न्यूज/ विशाल

**जींद।** प्राइवेट बसों में विद्यार्थियों के रियायती पास को लेकर आए दिन विवाद होता है। अधिकारियों ने प्राइवेट ऑपरेटरों के साथ बैठक कर स्पष्ट कर दिया है कि यह पास केवल रोडवेज और किमी स्कीम की बसों में ही मान्य होगा । निजी बसों में आपको पूरा टिकट लेना होगा ।

जुलाई में रोडवेज मुख्यालय ने छात्रों के रियायती पास की सुविधा 50 किमी से 150 किमी कर दी। इसमें प्राइवेट बसों को लेकर कोई स्पष्ट निर्देश नहीं हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन ने प्राइवेट बसों में भी इसे लागू करने की बात कही थी। इसके बाद से विवाद



बढ़ गया। आए दिन हो रहे इसको लेकर विवाद के चलते शुक्रवार को रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन, डीटीओ कार्यालय से एमवीओ संजीव कौशिक व प्राइवेट बस ऑपरेटरों की बैठक डीटीओ कार्यालय में हुई। इसमें कोस्टेज कैरिज प्राइवेट बस वेलफेयर एसोसिएशन के उपप्रधान डॉ. धन सिंह के नेतृत्व में प्राइवेट बस ऑपरेटर के-हर सिंह, वीरेंद्र, कृष्ण, राजेश, संदीप व सुशील मौजूद रहे। इसमें निष्कर्ष निकला कि विद्यार्थियों के पास रोडवेज बसों व किलोमीटर स्कीम की बसों में लागू करने को लेकर पत्र जारी किया गया है। प्राइवेट बसों को लेकर अभी कोई स्पष्ट निर्देश नहीं मिले हैं। जब तक कोई निर्देश नहीं मिल जाते तब तक छात्रों को प्राइवेट बसों में टिकट लेकर ही सफर करना होगा। महाप्रबंधक के बयान का हवाला दे रहे थे, जिससे आए दिन प्राइवेट बस ऑपरेटरों व शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच विवाद हो रहा था। कॉलेज व स्कूलों में पढ़ने वाले नीरज कुमार, राजेश, राहुल, संदीप, रामकेश आदि विद्यार्थियों ने कहा क जब सरकारी बसों में यह सुविधा है तो उन्हीं रूटों पर दौड़ने वाली प्राइवेट बसों में क्यों नहीं। इन बसों में भी सुविधा मलनी चाहिए। एमवीओ संजीव कौशिक ने कहा कि छात्रों के बस पास प्राइवेट बसों में अभी मान्य नहीं हैं। जब तक कोई निर्देश नहीं मिल जाते लड़कों को चाहिए कि वह टिकट लेकर प्राइवेट बसों में सफर करें और कोई तनाव की स्थिति पैदा नहीं करें। अगर लड़कों के बस पास की सुविधा प्राइवेट बसों में लागू होने को लेकर कोई निर्देश मिलते हैं तो छात्रों को अवगत करवा दिया जाएगा।

## दिव्यांगों के लिए वरदान है ईसीआई सक्षम ऐप

स्वास्तिक न्यूज/ विशाल

जींद। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा, सामान्य पर्यवेक्षक आईएएस अनंत लाल ज्ञानी एवं नारायण भरत गुप्ता एवं जिले की पांचों विधानसभाओं के रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में मतदान स्टाफ का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। इसके तहत पोलिंग स्टाफ को विधानसभा अलॉट की गई। जिले की पांचों विधानसभाओं में 1036 मतदान केंद्र हैं, जिनके लिए आरक्षित मतदान पार्टियां भी रखी गई हैं। प्रत्येक मतदान पार्टी में पीठासीन अधिकारी, वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी तथा दो मतदान अधिकारी शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जुलाना विधानसभा में 200, सफीदों में 196, जींद में 192, उचाना में 223 और नरवाना विधानसभा क्षेत्र में 225 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 23, 24 व 25 सितंबर को सभी पोलिंग पार्टियों को ईवीएम व वीवीपैट का दूसरा प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में जींद के रिटर्निंग अधिकारी वीरेंद्र सहरावत, सफीदों के रिटर्निंग अधिकारी मनीष कुमार फोगाट, नरवाना के रिटर्निंग अधिकारी दलजीत सिंह, जुलाना के रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार दून व उचाना के रिटर्निंग अधिकारी विवेक आर्य, डीआईओ सुषमा देशवाल भी उपस्थित रहे।

उचानो उचाना विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी विवेक आर्य ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वर्गों की हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का प्रयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम ऐप बनाया गया है। यह मोबाइल ऐप दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा को देखते हुए एक प्रकार से दिव्यांग मतदाताओं के लिए वरदान है। दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस ऐप का उपयोग कर सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारी विवेक आर्य ने बताया कि सक्षम ऐप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए अनुरोध कर सकता है। यहां तक कि चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के बारे में जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि सक्षम ऐप द्वारा दिव्यांग मतदाता मतदान को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या के लिए संपर्क कर सकता है व शिकायत भी दर्ज कर सकता है। उचाना` उचाना विधानसभा क्षेत्र से स्वीप कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सुनीता नैन ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को उचाना विधानसभा क्षेत्र के भौंगरा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए युवा बूथ नम्बर 216 पर युवाओं को वोट डालने और उन्हें वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए डेमो किया गया। डेमो के अन्तर्गत मतदाता की वोटर स्लिप का मतदाता सूची में मिलान किया गया, मिलान करने के बाद उम्मीदवार के प्रतिनिधियों को भी मतदाता के बारे में नाम व वोटर के बारे में बताया गया और चुनाव से जुड़ी सभी प्रक्रिया की गई।

युवाओं को जागरूक करने के लिए पोस्टर/बैनर भी लगाया गया, जिसमें युवा शक्ति का मुख्य काम, शिक्षा सेवा और मतदान, तुम हो देश की शान, उठो-जागों करो मतदान के श्लोग्न लिखे हुए थे।

हरियाणा चुनाव

कांग्रेस आलाकमान दूसरे राज्यों की तरह बहुत आक्रामकता से बच रहा

# इस बार अलग दिख रही है कांग्रेस की रणनीति, शैलजा की खामोशी चिंताजनक

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

नई दिल्ली। हरियाणा को लेकर कांग्रेस की रणनीति इस बार कुछ बदली बदली दिख रही है। कांग्रेस आलाकमान दूसरे राज्यों की तरह बहुत आक्रमकता से बच रहा है। ऐसा संदेश चला गया है कि पार्टी ने सब कुछ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर छोड़ दिया है। टिकट बंटवारे से लेकर सात गारंटी जारी करने तक हुड्डा ही मुख्य रूप से केंद्र बिंदु में बने हुए हैं। गत दिवस गारंटी जारी करने के दौरान पार्टी की वरिष्ठ नेता सांसद शैलजा और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के शामिल न होने से एक चर्चा यह भी है कि पार्टी के भीतर सब कुछ ठीक ठाक नहीं है। शैलजा की खामोशी पार्टी के लिए चिंताजनक है। सबसे ज्यादा गौर करने वाली बात यह रही कि पार्टी के सर्वोच्च नेता और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी संकल्प पत्र जारी करने के दौरान कार्यक्रम में न तो शामिल हुए और ना ही गारंटियों को लेकर कोई ट्वीट किया। जबकि दो दिन पहले ही वह अमरीका से लौटे हैं और दस जनपथ पर ही मौजूद थे। जबकि प्रियंका गांधी जो दूसरे राज्यों के चुनाव के समय काफी सक्रिय रहती थी इस बार उन्होंने अपने को अभी तक प्रचार से दूर रखा हुआ है। जबकि हिमाचल प्रदेश जैसे अन्य राज्यों में वह काफी पहले सक्रिय हो जाती थी। सूत्रों की मानें तो वह आजकल शिमला में और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी चंडीगढ़ में हैं। समझा जा रहा है कि घोषणा पत्र जारी करने के दौरान वह उसमे शामिल हों।



हालांकि पार्टी ने हरियाणा में सभी नेताओं के बीच तालमेल बिठाए रखने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन और पंजाब के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा को वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया है। लेकिन इसके बाद भी हरियाणा कांग्रेस में सब कुछ ठीक ठाक नजर नहीं आ रहा है। हरियाणा को लेकर अब जो रिपोर्ट आ रही हैं उसमें कांग्रेस के पक्ष की हवा में कुछ बदलाव आया है। टिकट बंटवारे के बाद एक तो यह संदेश चला गया है कि पूर्व सीएम हुड्डा की ही पूरी तरह से चली। 90 में से 70 से ज्यादा टिकट हुड्डा समर्थकों को दिए जाने के संदेश ने एक बार फिर चुनाव को जाट बनाम गैर जाट करने का मौका दे दिया। इसके बाद जोश में की गई कुछ नेताओं के बयानों से भी माहौल प्रभावित करने की कोशिश की गई। हालांकि भूपेंद्र हुड्डा ने खुद कमान संभाल स्थिति को संभाला जरूर लेकिन बात बनती दिख नहीं रही है।

टिकट बंटवारे के बाद से शैलजा का मौन भी बहुत कुछ संदेश दे रहा है। संकल्प पत्र जारी करने के समय भी वह मौजूद नहीं रही। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चंडीगढ़ में घोषणा पत्र जारी करने की बात कही है। शायद पार्टी उस समय सभी नेताओं को मौजूद रहने के लिए कहे। कुमारी शैलजा गांधी परिवार के बहुत करीबी मानी जाती है। इसलिए वह ऐसा कोई बयान या कदम नहीं उठाएंगी जिससे पार्टी को नुकसान हो। टिकट बंटवारे से पूर्व तक वह चुनाव लड़ने और मुख्यमंत्री पद पर दावेदारी कर रही थी। लेकिन पार्टी ने उनकी बातों को कम महत्व दिया। हरियाणा को लेकर पहले दिन से एक माहौल बन गया कि कांग्रेस हुड्डा के नेतृत्व में एकतरफा जीत रही है। मौजूदा माहौल में आलाकमान ने हरियाणा में उस तरह का दखल नहीं दिया जैसे आपसी झगड़े वाले दूसरे राज्यों में दिया जाता रहा है। राजस्थान ,छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में तो राहुल गांधी ने खुद नेताओं के हाथ मिलाते हुए फोटो जारी किए। एक साथ मंच पर बिठाया। लेकिन हरियाणा के मामले में गांधी परिवार एक दम शांत है। शैलजा की नाराजगी के चलते अगर दलित वोट कांग्रेस से छिटके तो कांग्रेस को कई सीटों पर परेशानी खड़ी हो जायेगी। शैलजा और उनके समर्थक इस बात से भी आशंकित हैं कि आने वाले दिनों में भूपेंद्र हुड्डा ने अपने बेटे दीपेंद्र हुड्डा को अगर सीएम पद पर आगे कर दिया तो उनकी सीएम बनने की संभावना समाप्त हो जायेगी। राहुल गांधी चुनाव बाद ढाई ढाई साल वाला फार्मूला अपनाने को भी शायद ही कहेंगे। क्योंकि राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में ढाई ढाई साल वाले फार्मूले की बात की गई लेकिन उसे लागू नहीं किया गया जिसके चलते पार्टी में गुटबाजी कम होने के बजाए बढ़ती गई और पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ। हरियाणा में भी गुटबाजी अपने चरम पर है। शैलजा और उनके समर्थकों को पार्टी को राजी करना जरूरी है। क्योंकि दलित वोटों को साधने के लिए मायावती की बीएसपी और चंद्रशेखर की आजाद पार्टी पहले से सक्रिय हैं। सबसे अहम चुनाव जाट बनाम गैर जाट की तरफ मुड़ा तो आसान दिख रही जीत मुश्किलें में पड़ सकती है। हालांकि कांग्रेस हरियाणा को लेकर किसी प्रकार का कोई खतरा मोल लेने की स्थिति में नहीं है। आने वाले दिनों में पार्टी अध्यक्ष खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी हरियाणा में मोर्चा संभालेंगे और उनकी यही कोशिश रहेगी कि सभी नेता एक मंच पर दिखाई दें।

## भाजपा की हैट्रिक लगने पर महिलाओं को प्रतिमाह मिलेंगे 2100 रुपये : नीरू विज



स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया

पानीपत। पानीपत शहरी विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार विज की धर्मपत्नी नीरू विज ने वीरवार को फतेहपुरी चौक व तहसील कैंप सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई हुई हैं। जिनका महिलाएं लाभ उठा रही हैं। भाजपा सरकार ने वीरवार को नॉन स्टॉप हरियाणा सकंल्प पत्र जारी किया हैं। जिसमें भाजपा सरकार महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2100 रुपये देगी। नीरू विज ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में बीजेपी की लहर चल रही है।

लोगों को किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। प्रत्याशी प्रमोद कुमार विज की जीत बहुमत से जीत होगी। उन्होंने इस चुनाव में प्रमोद कुमार विज के पक्ष में वोट मांगते हुए कहा कि उनके जीतने के बाद हलके में विकास कार्य निरंतर चलते रहेंगे। इस बार उनको विश्वास है कि वह भारी बहुमत से विजयी होंगे।

लोगों ने उनको समर्थन दिया और कहा कि इस बार प्रमोद विज भारी मतों से विजयी होंगे।

### आर्य कॉलेज की एनएसएस इकाई ने किया मतदान जागरूकता रैली का आयोजन

# लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में एक-एक वोट मूल्यवान है : डॉ जगदीश गुप्ता

स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया




पानीपत। आर्य कॉलेज मे गुरुवार को एनएसएस इकाई द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता रैली एवं मेरा वोट-मेरा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत महाविद्यालय मे विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने बताया की कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा स्वीप कार्यक्रम मे मतदान जागरूकता अभियान एवं एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत महाविद्यालय के प्रांगण मे विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता पोस्टर मैकिंग, स्लोगन राइटिंग, अनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया की लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए हमारा एक-एक वोट मूल्यवान होता है। मतदान करना सबका सर्वाधिक अधिकार है। उन्होंने बताया कि विभिन्न माध्यमों से लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और शत प्रतिशत मतदान करें। उन्होंने कहा की लोकतंत्र के इस महापर्व मे सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने ने यह भी कहा की सभी विद्यार्थियों की इसी तरह से हमेशा राष्ट्रहित के कार्यों के लिए अग्रसर रहना चाहिए। इस मौके पर कॉलेज की एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता ने बताया कि मतदान जागरूकता को लेकर स्वयंसेवकों ने लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। वहीं डॉ. मनीषा ढुढेजा ने कहा कि इस मौके पर युवाओ ने इसे अपने आवासीय क्षेत्र मे भी जारी रखने का संकल्प लिया।

# सचिन कुंडू के लिए वोट मांगने पहुंचे भूपेंद्र हुड्डा, गांवों में की जनसभाएं

स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया



पानीपत। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी ने जो घोषणापत्र जारी किया है, उसने अपनी ही सरकार की नाकामियों पर मुहर लगा दी है। जो बीजेपी 2014 और 2019 में किए गए अपने वादों को पूरा नहीं कर पाई, उसने जनता को बरगलाने के लिए 2024 में नए जुमले उछाल दिए हैं। लेकिन अब जनता के सामने इस की सच्चाई उजागर हो चुकी है।

जनता अब किसी छलावे का शिकार नहीं होगी और कांग्रेस की सरकार बनाएगी। भूपेंद्र हुड्डा पानीपत ग्रामीण से प्रत्याशी सचिन कुण्डू के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे थे। उन्होंने गांव डाहर, रिसाल, सिवाह, बबैल और कवी गांव में कई जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस की टिकट के लिए आवदेन करने वाले तमाम नेता भी मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर कांग्रेस को जिताने का संकल्प लिया। हुड्डा ने सभी से अपील की कि एकजुट होकर बड़े अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी को जिताएं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भारी जनसमुह को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने विपक्ष में रहते हुए भी हमेशा मेरा साथ दिया है। इसबार कांग्रेस सत्ता में आ रही है। इसलिए आप मुझे ही अपना उम्मीदवार मानकर कांग्रेस को वोट करें। आपने कांग्रेस पर जो भरोसा जताया है, वह खाली नहीं जाएगी। कांग्रेस जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगी और हर वर्ग की समस्याओं का समधान करेगी। साथ ही जनता इनेलो, जेजेपी और हलोपा जैसे दलों व निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे वोट काटुओं से सावधान रहे। क्योंकि मुकाबला सीधे कांग्रेस और बीजेपी के बीच है। वोट काटुओं को दिया गया हरेक वोट बीजेपी को लाभ पहुंचाएगा।

पानीपत ग्रामीण से कांग्रेस पार्टी उम्मीद्वार सचिन कुण्डू को वोट देकर उन्हें बड़े अंतर से जिताना है। सचिन कुण्डू ने इस मौके पर जनता से वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में कांग्रेस की लहर चल रही है। आज प्रदेश का हर वर्ग बीजेपी की नीतियों से परेशान हो चुका है। बीजेपी ने अपने हकों की आवाज उठाने वाले हर वर्ग पर लाठियां बरसाई है। जबकि कांग्रेस सरकार के दौरान किसी भी वर्ग को आंदोलन करने की जरूरत नहीं पड़ी थी। इसीलिए पूरा हरियाणा एक ऐसी सरकार चाहता है, जो उनके हितों का ध्यान रखे व उनके आवाज को सम्मान दे।

## बलबीर वाल्मीकि के लिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मांगे वोट

**मतलौडा।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहा कि कांग्रेस 2024 में किए गए अपने सभी वादों को भी पूरा करेगी और हरियाणा को विकास में नंबर वन बनाएगी। उन्होने कहा कि जनता इनेलो, जेजेपी और हलोपा जैसे दलों व निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे वोट काटुओं से सावधान रहे। क्योंकि मुकाबला सीधे कांग्रेस और बीजेपी के बीच है। वोट काटुओं को दिया गया हर वोट बीजेपी को लाभ पहुंचाएगा।

हुड्डा गुरूवार को कवि गांव में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहे। वह इसराना से कांग्रेस प्रत्याशी बलबीर वाल्मीकि के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे थे। उन्होने कहा कि जनता ने विपक्ष में रहते हुए भी हमेशा मेरा साथ दिया है। इस बार कांग्रेस सत्ता में आ रही है। इसलिए आप मुझे ही अपना उम्मीदवार मानकर कांग्रेस को वोट करें। प्रत्याशी बलबीर बाल्मिकी को जीता कर भेजे। थारी सरकार मैं बना दूंगा। आपने कांग्रेस पर जो भरोसा जताया है। उस भरोसे को कायम रखुंगा। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने 10 साल पानीपत के साथ सौतेला व्यवहार किया है। सभी सड़कों की हालत बेहद खस्ता है और लोगों का जीना दूभर हो चुका है। पानीपत से जींद सड़क स्टेट हाईवे है।

## आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल ने जान्हवी के उत्कृष्ट प्रदर्शन हॉकी में जीता कांस्य पदक




स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया

पानीपत। आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल भारतीय राष्ट्रीय खेल हॉकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से जाना जाता है।

अपने इसी श्रेष्ठ प्रदर्शन के क्रम को जारी रखते हुए 57वीं हरियाणा राज्य स्कूल हॉकी टूनार्मेंट में आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल की हॉकी टीम ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पानीपत की टीम को कांस्य पदक दिलाया। यह प्रतियोगिता 15 से 18 सितंबर को कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई इस टूनार्मेंट मे राज्य की 23 टीमों ने भाग लिया। क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मैच में शाहबाद की के.के.आर.टीम को एक मात्र गोल से कडी शिकस्त दी। विरोधी टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। कांस्य पदक के लिए मुकाबला अत्यंत संघर्षपूर्ण रहा। मैदान में पूरा समय दोनो टीमें एक दूसरे पर हावी रही। अंत मे सोनीपत की टीम को 2-1से हरा कर अपने लिए कांस्य पदक पक्का कर लिया।विद्यालय परिसर मे पूरी टीम और कोच श्रीमान धर्मेंद्र का जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन श्री सुरेंद्र शिंगला जी, प्रबंधक श्री सी.एक. कमल किशोर जी, प्रधानाचार्या श्री मती मीनाक्षी अरोड़ा जी उप प्रधानाचार्या श्री मती अनुभा गुप्ता जी ने टीम के शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी।

# हमेशा झूठी होती है कांग्रेस की गारंटी : महीपाल ढांडा

स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया



पानीपत। कांग्रेस पार्टी हमेशा झूठे वायदे करती है और जनता को झूठे सब्ज बाग दिखाकर सरकार बना लेती है बाद में जनता को ठेंगा दिखा देती है।

परंतु अब हरियाणा की जनता कांग्रेस के झूठे वायदों के बहकावे में नहीं आने वाली और तीसरी बार भारी बहुमत से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने जा रही है। यह शब्द भारतीय जनता पार्टी के पानीपत ग्रामीण विधानसभा से प्रत्याशी महीपाल ढांडा ने निजामपुर, चंदौली,खोतपुरा, गढ़सरनाई, पलहेड़ी, बराना, डेरा सिकलीगर आदि गांवों में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। गांव पहुंचने पर ढोल धमाके और पुष्प वर्षा के साथ मोटर साईकिल के काफिले के साथ ढांडा का विजेता की तरह गांव गांव स्वागत किया गया। ढांडा ने अपने संबोधन में गांव वासियों को कहा कि कांग्रेस का इतिहास है कि कांग्रेस की गारंटी हमेशा झूठी होती है। ढांडा ने कहा कि भाजपा घोषणा पत्र जारी नहीं करती अपितु संकल्प पत्र जारी करती है। वह चाहे राम मंदिर की बात हो, धारा 370 खत्म करने की, ट्रिपल तलाक की बात हो या किसानों की आय दुगनी करने की बात। ढांडा ने किसानों के बीच अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार से बड़ी किसान हितेषी देश में कोई दूसरी सरकार नहीं है जिसने 24 फसलों को एम एस पी पर खरीदना शुरू किया हो। ढांडा ने लोगों का आह्वाहन किया कि 5 अक्टूबर को कमल का बटन दबाकर प्रदेश में विकास की गारंटी भाजपा को तीसरी बार सरकार बनाने का मौका दें। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष संजय त्यागी,पूर्व सरपंच विनोद, बलराज संधू, सत्यवान सरपंच, जसविंदर चहल ,अशोक चंदौली , बिल्लू पूर्व सरपंच, जस्सा पूर्व सरपंच ,अमित , रामकुमार, रविन्द्र,राकेश आदि मौजूद रहे।

# पूर्व कांग्रेसी नेता शेरू उस्ताद, शशि कपूर व धर्मवीर कश्यप ने थामा बीजेपी का दामन

स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया



पानीपत। हरियाणा के चुनावी माहौल में इन दिनों सियासी उठापटक लगातार जारी हैं, सभी राजनैतिक पार्टियां अपना कद जनता के बीच में बढ़ा रही है।पानीपत शहरी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के प्रमोद विज के नेतृत्व में पानीपत के कांग्रेस नेता शशि कपूर, शेरू उस्ताद एवम धर्मवीर कश्यप के नेतृत्व में भाजपा का दामन थामा लिया है, इन तीन नेताओं के भाजपा में आने से कांग्रेसी खेमे में खलबली मची हुई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकेश टुटेजा के टीम के मुख्य सदस्य रहे हैं शेरू उस्ताद और शशि कपूर। शशि कपूर और शेरू उस्ताद ने बातचीत में कहा कि कॉन्ग्रेस झूठे प्रचार और वादों के सहारे सत्ता में आना चाहती है उनके पास पानीपत के विकास का कोई रोड मैप नही है, सिर्फ भाजपा सरकार का दुष्प्रचार करना उनका मुख्य कार्य है।

वे भाजपा की नीतियों और भाजपा सरकार के कार्यों से प्रभावित हैं।

## पीकेजी कॉलेज में पॉटलक कार्यक्रम का किया आयोजन



स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया

**मतलौडा** ।पीकेजी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन मतलौडा में वीरवार को बीसीए,बीबीए व एमबीए विभाग के छात्रों द्वारा पॉटलक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं अपने घर से विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर-के लेकर आए । सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक रूप से उन व्यंजनों का लुफ्त उठाया । इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष सीए गौरव जैन ने कहा इस तरह के कार्यक्रम टीम बिल्ड और आपसी सहयोग को बढ़ावा देते हैं। वह कॉलेज के डायरेक्टर डॉ राजेश गार्गी ने पॉटलक कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे भाईचारे को बढ़ावा देने वाला बताया । उन्होंने छात्रों को यह कार्यक्रम आयोजन करने के लिए बधाई दी ।

### खास-खबरें

## आई बी कॉलेज में लगभग 1800 विद्यार्थियों को कृमि मुक्ति एल्बेनडाजोल की गोली खिलाई




**पानीपत।** आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एन. एस. एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना ) इकाई और युवा रेड क्रॉस के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पानीपत और पानीपत प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 1800 विद्यार्थियों को कृमि मुक्ति एल्बेनडाजोल की गोली खिलाई गयी। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग के कर कमलो से हुआ` प्राचार्य ने विद्यार्थियों को एल्बेनडाजोल की गोली बाँटते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को स्वच्छ और स्वस्थ जीवन व्यतीत करना चाहिए। उसी के तहत यह गोली खाकर पेट के कृमि से बचाव किया जा सकता है। सरकार ने पोलियो अभियान के समान राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चलाकर सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर खुशबू, एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पेट में कृमि होने का मुख्य कारण गंदे हाथो से भोजन करना, खुले में शोच करना, नंगे पाँव रहना, नाखून बड़े रखना इत्यादि हैं। इनका उपचार समय पर न करने से शरीर में खून की कमी हो जाती है, जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाता है। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी सयोंजक डा जोगेश? ने बताया कि जो विद्यार्थी आज यह दवा खाने से वंचित रह जायेंगे, उन्हें यह गोली 24 सितम्बर को खिलाई जाएगी। इस अवसर पर कक्षाओं में दवाइयां वितरित की गईं और कॉलेज परिसर में स्टॉल लगाए गए जहां एनएसएस कार्यकताओं ने छात्रों को यह दवा लेने के लिए प्रेरित किया।

## घर में घुसकर लोहे की रॉड से किया हमला

**खरखौदा।** सैदपुर गांव में संदीप ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने उनके घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर लोहे की रॉड से हमला किया गया। जिसके आरोपी रोबिन, परमजीत उर्फ मोनू , दीपक है। आरोपियों ने मकान का दरवाजा तोड कर, जबरदस्ती उसके मकान में अपने हाथों मे लोहे की रॉड लेकर घुस गए और हमला कर दिया।। लोहे की रॉड से चोट मारी गई और जान से मारने कि नीयत से एक आरोपी ने अपने हाथ मे ली हुई रॉड से उसके सिर मे चोट मारी। उनके हमले से बचने के लिए अपने हाथो कि मदद से सिर का बचाव किया तो रोबिन व परमजीत ने रॉड मार कर उसके हाथ को तोड़ दिया। यदि वह हाथ से अपने सिर को ना बचाता तो वे सभी उसे जान से मार देते। शोर सुन कर उसकी पत्नी रेनू मौके पर आ गई। उसके आने के बाद सभी आरोपी धमकी देकर मौके से फरार गए। उसकी पत्नी ने उसे ईलाज के लिए सरकारी हस्पताल खरखौदा ले गई। जहां से उसे सरकारी हस्पताल सोनीपत रैफर कर दिया। फिर रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया । पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## कमरे का ताला तोड़कर सामान चोरी

**खरखौदा।** झिन्झौली गांव के रहने वाले अजीत ने अमरुद का बाग लगा रखा है और बाग उसने तीन कमरे बना रखे है। जो ब्रहमपाल वासी यूपी को एक साल के लिऐ दामों पर दे रखा है। रात को चोरों ने उसके बाग से कमरे का ताला तोड़कर एक छत का पंखा, एक 2एचपी की मोनो बलोक मोटर व कमरो से बिजली की फिटीग उखाड़ कर चोरी कर ली । जब उसने आकर देखा तो उपरोक्त सामान चोरी हुआ मिला । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला व छह साल के बेटे की हत्या करने का आरोपी काबू



**जींद।** सफीदों स्थित वार्ड नंबर दो के मकान से अज्ञात महिला व एक बच्चे की गली-सड़ी लाश कंकाल की अवस्था में मिलने के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में सूर्या कालोनी रोहतक निवासी अजय उसकी पत्नी पिंकी व अजय की बुआ के लड़के गांव डीडवाना निवासी विनोद उर्फ केडी सिरोही को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अजय के मृतका के साथ अवैध संबंध थे। जिन्हें उसकी पत्नी ने पकड़ लिया था। जिस पर अजय, उसकी पत्नी व बुआ के बेटे ने मिल कर मृतका व उसके बेटे की हत्या कर शव को मकान के बाथरूम में सड? के लिए छोड़ दिया था। जबकि मृतका के एक बेटे को मारने की नीयत से पंजाब के जंगलों में फैंक दिया था। जिसे पंजाब पुलिस ने बरामद कर लिया है और चंडीगढ़ में उपचाराधीन है।

**यह है मामला** सफीदों के वार्ड दो निवासी दीपक के मकान से गत 16 सितंबर को एक महिला व बच्चे का शव कंकाल के रूप में मिला था। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए हत्या के मामले में जल्द खुलासा करके आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उप पुलिस अधीक्षक सफीदों उमेद सिंह के नेतृत्व में सीआईए व थाना शहर सफीदों की टीमों का गठन किया गया था। मृतका के पति की पहचान गांव भागलपुर तहसील बेरी झज्जर निवासी मनीष के रूप में हुई। मनीष द्वारा गत 14 अगस्त को उसकी पत्नी कोमल (25), बेटे अरनव (5) व आरव (6) के बेरी से लापता होने पर गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया हुआ था। 11 सितंबर को लडका अरनव उर्फ कबीरा बलौंगी जिला मोहाली पंजाब के जंगलों में सुनसान जगह व घायल अवस्था बरामद हुआ था। जिसका इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है। मनीष ने मृतका के कपडों से अपनी पत्नी की पहचान करते हुए रिश्तेदार सूर्या कालोनी रोहतक निवासी अजय पर जताई थी। जिस पर पुलिस की टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपित अजय व उसकी पत्नी प्रियंका उर्फ पिंकी को गिरफ्तार कर लिया। अजय व पिंकी की शिनाख्त पर अजय की बुआ के लड़के विनोद उर्फ केडी सिरोही निवासी डीडवाना को भी गांव डीडवाना से काबू कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में सूर्या ने बताया कि उसके अवैध संबंध मृतका के साथ थे। जबकि वह गांव गन्नौर निवासी प्रियंका उर्फ पिंकी के साथ विवाहित है। दोनों को एक बेटी भी है। जुलाई माह में अजय ने उसकी बुआ के लड़के विनोद उर्फ केडी के माध्यम से पानीपत रोड सफीदों में एक मकान किराये पर लिया था। जिसमें उसकी पत्नी पिंकी कुछ दिन रह कर वापस उसके मायके गन्नौर चली गई थी। कुछ समय के बाद मृतक कोमल उसके दोनों बच्चों आरव (6) व अरनव (5) वर्ष के साथ पानीपत रोड सफीदों स्थित किराये के मकान पर अजय के साथ रहने लग गई थी। जिसकी भनक पिंकी को लगी तो वह किराये के मकान पर आ गई थी। जहां पर तीनों की आपस में बहस हुई। अजय, उसकी पत्नी पिंकी, विनोद उर्फ केडी सरोहा ने योजना बना कर कोमल व उसके बड़े बेटे आरव की गला दबा कर हत्या कर दी थी और दोनों पति, पत्नी लड़के अरनव उर्फ कबीरा को लेकर मौका से फरार हो गए थे। दोनों ने अरनव को जान से मारने की नियत से घायल कर के मोहाली के जगंलों मे फैंक दिया था।

## स्कूल स्टाफ से गाली गलौज करने तथा दस्तावेज गायब करने पर छह नामजद

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने स्कूल स्टाफ के साथ गाली गलौज करने तथा दस्तावेज गायब करने पर स्कूल संचालिका की शिकायत पर छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अर्बन एस्टेट निवासी सुरेश देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उसके पति जगदीश ने साई एजुकेशन सोसायटी खोली थी। जो 2011 से गांव अमरहेड़ी में स्कूल चला रही है। वर्ष 2016 में पति की मौत के बाद जिम्मेवारी उसके कंधों पर आ गई। वह खुद अनपढ़ है। जबकि उसकी बेटी डॉक्टर है। वर्ष 2020 में कोविड के कारण स्कूल बंद रहा। जिसके कारण वित्तीय हालात बिगड़ गए और संस्था कर्जे में आ गई। जिसके चलते दिल्ली निवासी नेहा ने विश्वास जीतने के लिए कुछ आर्थिक मदद की। फिर षड?त्र के तहत धीरे-धीरे अपने रिश्स्तेदारो को भी सोसायटी में शामिल कर लिया। फिर स्कूल के दस्तावेज कब्जे में ले लिए। फिर फर्जी इकरारनामा भी तैयार कर लिया। जब उसने अपने स्कूल के दस्तावेजों को संभाला तो वे गायब मिले। वर्ष 2023 में आरोपितों ने स्टाफ को बुला कर डाटा अपडेट करने को कहा। कर्मियों ने डाटा से छेड़छाड़ करने से मना किया तो आरोपितों ने उनके साथ गाली गलौज किया।

**प्रिंट लाईन:-** स्वास्तिक न्यूजपेपर के लिए मालिक मुद्रक एवं प्रकाशक विनय दीवान बी.डी. कॉर्प प्रिंटिंग प्रेस प्लाट नंबर 42-43, सेक्टर-29, पानीपत -132103 से मुद्रित तथा स्वास्तिक न्यूज कार्यालय कांगड़ा मोहल्ला मेन बाजार, वार्ड -8 सफीदों शहर, पिन कोड -126112 हरियाणा से जारी। संपादक एवं मुख्य संवाददाता विनय दीवान। मोबाइल नंबर 94160 73460 । समाचार से संबंधित सभी विवादों का कार्य क्षेत्र शिफ्ट सफीदों अदालत होगा । RNI Reg No. HARHIN/11380 Email: swastiknewssafidon@gmail.com

## दसलक्षण पर्व के अंतिम दिन मनाया उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म दिवस



स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

पानीपत। श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जैन मोहल्ला में दसलक्षण पर्व का अंतिम को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के रूप में मनाया गया। साथ ही अनंत चतुर्दशी एवं भगवान वासुपूज्य निवाणीत्सव भी धूमधाम से मनाया गया।

सातों दिगंबर जैन मंदिरों में भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न हुई। सभी ने निर्वाण लड्डू भगवान के श्री चरणों में अर्पित किए। श्री दिगंबर जैन पंचायत के सचिव मनोज जैन ने बताया कि भाद्र माह के शुक्ल चौदस को दिगंबर जैन समाज के दसलक्षण पर्व का 10वां दिन होता है। इस दिन को अनंत चतुर्दशी कहते है। इस दिन सभी लोग सभी जैन मंदिरों के दर्शन करने जाते है। व्रत उपवास रखते है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मचर्य हमें सिखाता है की उन परिग्रहों का त्याग करना, जो हमारे भौतिक संपर्क से जुड़ी हुई है। जैसे जमीन पर सोना न की गद्दे तकियों पर, जरूरत से ज्यादा किसी वस्तु का उपयोग न करना, व्यय, मोह, वासना ना रखते सादगी से जीवन व्यतीत करना।

# पेयजल समस्या से परेशान ग्रामीणों ने लगाया जाम

### लगभग दो घंटे बाधित रहा जींद-असंध मार्ग, एसडीओ के आश्वासन के बाद माने ग्रामीण

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान



जींद। अलेवा गांव के ग्रामीण महिला व पुरूषों द्वारा चहल पट्टी में स्थित जलघर नंबर तीन का ट्यूबवैल खराब होने के बाद सप्लाई का पानी न मिलने से परेशान शुक्रवार को सुबह बजे जींद-असंध मार्ग के अलेवा मुख्य चौंक पर सड़क के बीचों-बीच खड़े होकर जाम लगा दिया। जाम लगा रहे महिला व पुरूषों द्वारा सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। जाम लगने की सूचना मिलते ही अलेवा थाना प्रभारी बनवारी लाल ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को जाम खोलने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण जन स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को मौके पर बुला कर समस्या का समाधान होने तक जाम न खोलने की जिद्द पर अड़े रहे। थाना प्रभारी द्वारा जिला प्रशासन व विभाग के एसडीओ को मामले से अवगत कराया। इसके बाद मौके पर पहुंचे जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रणबीर ने मौके पर पहुंच कर एक सप्ताह तक नया टयूबवैल लगवाने की प्रक्रिया शुरू कराने का आश्वासन देकर लगभग दो घंटे से लगे जाम को खुलवाने पर ग्रामीणों को सहमत किया। जाम लगा रही महिला व पुरूषों ने एसडीओ व थाना प्रभारी के समक्ष कहा कि चहल पट्टी में विभाग द्वारा लगाया गया ट्यूबवैल पिछले लगभग दो माह से बंद पड़ा है। इसके बंद होने से लगभग 200 घरों के ग्रामीणों को पिछले दो माह से जलघर से मिलने वाली सप्लाई का पानी नही मिल रहा है। पीने का पानी लाने के लिए महिलाओं को दर-दर भटकने को बाध्य होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस बारे जलघर में जाने के बाद पता चला कि जलघर की मोटर टयूबवैल में धंसने के कारण सप्लाई बंद पड़ी है। इस बारे गांव के लोगों द्वारा सरपंच व विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी समाधान न होने से परेशान ग्रामीणों को सड़क पर उतरने को मजबूर होना पड़ा। जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ने ग्रामीणों के समक्ष एक सप्ताह तक नया बोर लगवाने की प्रकिया शुरू करवा समस्या का समाधान कराने का आश्वासन देकर लगभग दो घंटे से लगे जाम को खुलवाने पर ग्रामीणों का सहमत किया।

# लोस चुनाव में जिस कर्मी ने खुद को गर्भवती दिखा डयूटी कटवाई थी , विस में उसी की लगी विशेष डयूटी

### पांचों विधानसभाओं के लिए मतदान पार्टियों का किया गया द्वितीय रेंडोमाइजेशन

स्वास्तिक न्यूज/ विनय दिवान




अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा।

जींद। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा, सामान्य पर्यवेक्षकों आईएएस अनंत लाल ज्ञानी एवं नारायण भरत गुप्ता एवं जिला की पांचों विधानसभाओं के रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में मतदान स्टाफ की द्वितीय रेंडोमाइजेशन की गई। इसके तहत पोलिंग स्टाफ को विधानसभा अलॉट की गई। जिला की पांचों विधानसभाओं में 1036 मतदान केंद्र हैं। जिनके लिए आरक्षित मतदान पार्टियां भी रखी गई है। प्रत्येक मतदान पार्टी में पीठासीन अधिकारीए वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी तथा दो मतदान अधिकारी शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों के अलावा आरक्षित मतदान स्टाफ की रेंडोमाइजेशन की गई है। जुलाना विधानसभा क्षेत्र में 200 मतदान केंद्र, सफीदों विधानसभा क्षेत्र में 196 मतदान केंद्र, जींद विधानसभा क्षेत्र में 192 मतदान केंद्र, उचाना में 223 मतदान केंद्र और नरवाना में विधानसभा क्षेत्र में 225 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदान स्टाफ की द्वितीय रेंडोमाइजेशन में आयोग की हिदायतों अनुसार आरक्षित मतदान पार्टियां भी गठित की गई हैं तथा इन्हें विधानसभा क्षेत्र अलॉट किये गए है। उन्होंने बताया कि 23, 24 व 25 सितंबर को सभी पोलिंग पार्टियों को ईवीएम व वीवीपैट का दूसरा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बैठक में जींद के रिटर्निंग अधिकारी वीरेंद्र सहरावत, सफीदों के रिटर्निंग अधिकारी मनीष कुमार फौगाट, नरवाना के रिटर्निंग अधिकारी दलजीत सिंह, जुलाना के रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार दून व उचाना के रिटर्निंग अधिकारी विवेक आर्य, डीआईओ सुषमा देशवाल एवं चुनाव से सम्बंधित अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उचाना व सफीदो विधानसभा के लिए हुआ सप्लीमेंटरी रेंडेमाईजेशन

शुक्रवार को सभी पोलिंग पार्टियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में उचाना व सफीदों विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम सप्लीमेंटरी रेंडेमाईजेशन किया गया। चूंकि सफीदों एवं उचाना विधानसभा क्षेत्र में 16 से अधिक उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं। इसलिए वहां अतिरिक्त मशीनों की आवश्कता के चलते ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम सप्लीमेंटरी रेंडेमाईजेशन किया गया। विधानसभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी सजगता के साथ काम कर रहा है। गौरतलब है कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान चुनावी डयूटी कटवाने के लिए एक कर्मी द्वारा अपने आपको महिला एवं गर्भवती दिखाने का मामला सामने आया था। विधानसभा आम चुनाव 2024 में इस कर्मी की भी चुनावी डयूटी विशेष तौर पर लगाई गई है।

## हरियाणा स्कूल स्टेट गेम्स में आर्य गर्ल्स की छात्राओं ने जीता सोना ही सोना

पानीपत। आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल की छात्राएं किताबी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करती है। नौवीं हरियाणा स्टेट ओपन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियन जो 11से13 सितम्बर जींद में सम्पन्न हुई।इसमें हमारे स्कूल की पांच छात्राओं ने भाग लिया ।जिसमें दीपिका ने अंडर 18 वर्ग में 400 मीटर में गोल्ड मेडल हासिल करके विद्यालय का नाम चमकाया। हरियाणा स्कूल स्टेट गेम्स सितंबर 14 से 16 में करनाल में आयोजित की गई।

इसमें हमारे स्कूल से 8 खिलाड़ियों नेलिया।जिसमें दीपिका ने 400 मीटर रेस में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। पानीपत की अंडर 17 रिले रेस में 400 मीटर में पानीपत टीम ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया हमारे स्कूल की दो छात्राएं दीपिका और आरुषि इसी स्वर्ण टीम का हिस्सा रही।

इसी तरह से पानीपत की टीम ने चार गुना 400 मीटर रिले रेस में भी गोल्ड मेडल प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि ने आर्य गर्ल्स को 4 गोल्ड मेडल और एक ब्रांज मेडल जिताए। इसी आधार पर दीपिका और आरुषि का नेशनल के लिए चयन हो गया जो हरियाणा की टीम का हिस्सा बनेंगी। विद्यालय को अपनी इन छात्रों की उपलब्धि पर बहुत हर्ष हो रहा है।

# युवा बूथ पर वोट डालने की चुनाव प्रक्रिया का किया डैमो

स्वास्तिक न्यूज/ विनय दीवान




युवा मतदान बूथ पर डैमो करते हुए कर्मी।

जींद। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को उचाना विधानसभा क्षेत्र के भौंगरा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए युवा बूथ नम्बर 216 पर युवाओं को वोट डालने और उन्हें वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए डैमो किया गया। डेमों के तहत मतदाता की वोटर स्लिप का मतदाता सूची में मिलान किया गया मिलान करने के बाद उम्मीदवार के प्रतिनिधियों को भी मतदाता के बारे में नाम व वोटर के बारे में बताया गया और चुनाव से जुड़ी सभी प्रक्रिया की गई। युवाओं को जागरूक करने के लिए पोस्टर, बैनर भी लगाया गया। जिसमें युवा शक्ति का मुख्य काम, शिक्षा सेवा और मतदान, तुम हो देश की शान, उठो, जागो करो मतदान के स्लोग्न लिखे हुए थे। इस दौरान युवाओं में ऐसे स्लोग्न देखकर काफी उत्साह नजर आया। ए उन्होंने कहा कि हम अपने आसपास और अन्य व्यक्तियों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे ।

# छात्राओं ने हाथों में मेहंदी रचाकर किया मतदान के प्रति जागरूक

स्वास्तिक न्यूज/ विनय दीवान




जींद। उचाना विधानसभा क्षेत्र से स्वीप कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सुनीता नैन की मौजूदगी में डाहौला गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं द्वारा मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने हाथों पर मतदाताओं को वोट के प्रति जागरूक करने वाली मेंहदी रचाई हुई थी। इसके अलावा उचाना विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बीएलओ द्वारा मतदान के प्रति घर-घर जाकर जागरूक किया जा रहा है और उन्हें बताया जा रहा है कि सभी नागरिक इस लोकतंत्र महापर्व में बढ़चढ़ कर भाग लें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व विधानसभा चुनाव नजदीक है। इसमें सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। आपका वोट कीमती है और इस कीमत को पहचानते हुए सभी 5 अक्टूबर को अपने परिवार सहित अपने मताधिकार का प्रयोग करें। लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब की भागीदारी एक नैतिक जिम्मेदारी है। उचाना विधानसभा क्षेत्र से स्वीप कार्यक्रम की नोडल अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी हम सब की जिम्मेदारी है। सभी पांच अक्टूबर को मतदान के दिन मतदान अवश्य करें। लोकतंत्र का यह पर्व पांच वर्षो में एक बार आता है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहींए इसका पता पहले अवश्य करना चाहिए। क्योंकि मतदाता सूची में नाम शामिल हुए बिना कोई भी वोट नहीं डाल सकता।

# शहरवासी सड़कों पर बने गड्ढों में गिर रहे और मंत्री जी हवाई उड़ान की बातें कर रहे : तरुण जैन

स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया





**हिसार** : जनता के उम्मीदवार तरुण जैन ने ऐतिहासिक नागोरी गेट से डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर प्रतिष्ठान स्वामियों से मुलाकात करके हिसार के हित में बिजली के खंभे के निशान के सामने वाले बटन को दबाने की अपील की।

उन्होंने नागोरी गेट से होते हुए दिल्ली हलवाई व गुलाब सिंह चौक के क्षेत्र में दौरा करके संपर्क साधा। इस दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जलपान कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इसके साथ ही सेक्टर-13, सेक्टर-28 व नई अनाज मंडी में आयोजित जलपान व चाय कार्यक्रमों में भी तरुण जैन ने अपने साथियों व समर्थकों के साथ शिरकत की। चुनाव अभियान को और गति देने के लिए तरुण जैन ने बड़ वाली ढाणी में एक और चुनाव कार्यालय का उदघाटन भी किया। जनसंपर्क के दौरान बहुत से प्रतिष्ठान संचालकों ने तरुण जैन को फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया और बुजुर्गों ने विजयी होने का आशीर्वाद दिया। नागोरी गेट में मिले इतने सत्कार व स्नेह से अभिभूत होकर तरुण जैन ने कहा कि वे बड़ी-बड़ी बातें करने की अपेक्षा हिसार के विकास के लिए सही मायने में काम करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि मंत्री जी तो हर बैठक में यही कह रहे हैं कि जल्द ही हिसार से हवाई उड़ान शुरू होने वाली हैं जबकि शहरवासी सडकों पर बने गड्ढों में गिर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मंत्री जी ने हर बार की तरह इस बार भी जनता को बरगलाने की बातें शुरू कर दी हैं लेकिन हिसारवासियों की आंखें अब खुल चुकी हैं और जनता इस बार धोखा खाने वाली नहीं है।

तरुण जैन ने हिसार के बिगड़े हालात का हवाला देते हुए कहा कि शहर का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां के निवासी समस्याओं से त्रस्त न हों। उन्होंने कहा कि सीवर से बहते दूषित पानी, दूषित पेयजल आपूर्ति, टूटी-फूटी व जर्जर सडकें व गलियां कहीं भी देखी जा सकती हैं। इतना ही नहीं हिसार की मुख्य सडकों पर भी गड्ढों की भरमार है।

## बाढड़ा की जनता का मिल रहा है भरपूर समर्थन : सोमबीर

बाढड़ा। बाढड़ा विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी सोमवीर घसौला ने कहा कि किसी बाहरी प्रत्याशी को बाढड़ा की जनता अपना समर्थन नहीं देगी और ना ही किसानों व युवाओं के साथ खिलवाड़ करने वाली भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि वे खुद कांग्रेस की टिकट लेने वालों में सबसे अग्रणी स्थान पर थे लेकिन कांग्रेस राजघरानों तक समित होने के कारण उनका टिकट कट गया अब जनता के दरबार में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी बनकर आया हूं। उन्होंने कहा कि जनता कभी राजघरानों की नहीं होती उसको अपने पराए की पहचान होती है जिसके कारण आज गांवों में मिल रहे जन समर्थन ने भाजपा-कांग्रेस की नींद उड़ा दी है। उन्होंने कहा कि आज उनके साथ कांग्रेस टिकट मांगने वाले कई नेताओं ने उनके साथ है तथा ग्राम पंचायतों व पंचायत सदस्यों द्वारा मिल रहा अपार समर्थन से उनकी जीत का मार्जन लगातार बढ रहा है।

## खास-खबरें

### बढ़ रहा है कांग्रेस का परिवार, बीजेपी, आप, इनेलो और जजपा के लोग शामिल



पानीपत। कांग्रेस का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है। बीजेपी, आप, इनेलो और जजपा के नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। आज पानीपत में एक अहम कदम उठाते हुए महेंद्र प्रताप सिंह, जो पूर्व बीजेपी प्रत्याशी (वार्ड 22) और प्रदेश कार्यकारिणी युवा मोर्चा के आईटी मीडिया प्रभारी रह चुके हैं, ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। वर्तमान में वे विधानसभा हल्का समालखा के चुनाव प्रभारी भी हैं। बुल्ले शाह ने कहा, "महेंद्र प्रताप सिंह जैसे अनुभवी और जुझारू नेता का कांग्रेस में स्वागत कर हम अपने संघर्ष को और मजबूती प्रदान कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश चुग जी और जॉनी चावला ने अपने कई समर्थकों के साथ कांग्रेस को समर्थन दिया था। साथ ही प्रवीण तोमर (पूर्व शहरी प्रधान, इनैलो) और कुलदीप मान (प्रदेश महासचिव, किसान सेल, जजपा) ने भी इनेलो छोड़ कांग्रेस का दामन थामा था।

### आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने लिया स्काउट कैंप में हिस्सा



**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रबंधक समिति के प्रधान श्री वीरेंद्र आर्य, कोषाध्यक्ष श्री राजेंद्र जागलान ने विद्यालय के स्काउट के बच्चों को अंबाला में हुए चार दिन के कैंप में भाग लेने पर प्रशंसा पत्र दिएकइस मौके पर प्रबंधक समिति के सदस्य मेहर सिंह जी, स्काउट अध्यक्ष रघुवीर सिंह जी मौजूद रहे। विद्यालय के प्राचार्य मनीष घणघस ने बताया कि विद्यालय की दो टीमों ने अलग-अलग कैंपों में शिरकत की एक टीम शिमला के कैंप पर ट्रेनिंग पर रही तथा दूसरी टीम तारा देवी (अंबाला कैंट) में ट्रेनिंग कैंप पर रहीकइस कैंप में विद्यालय के बच्चों ने समाज कल्याण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने ,देशभक्ति से प्रेरित रहना जैसी ट्रेनिंग दी गईकविद्यालय की प्रबंधक समिति ने सभी बच्चों का हौसला बढ़ाया और उन्हें आगे भी ऐसी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए कहा और विद्यालय में और नए बच्चों को प्रेरित करने के लिए भी कहा।

### राज्यस्तरीय यूथ रेड क्रॉस शिविर में आर्य कॉलेज के 6 विद्यार्थियों ने लिया भाग



**पानीपत।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी स्टेट ब्रांच द्वारा राज्यस्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 11 सितंबर से 16 सितंबर तक कुरुक्षेत्र के गीता ज्ञान संस्थान में किया गया। इस शिविर में आर्य कॉलेज के बीए अंतिम वर्ष के 6 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस शिविर मे अनेक विधाओ का आयोजन किया गया जिसमे से सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। जिसमे की म्यूजिक की गायन की सोलो विधा में बीए तृतीय वर्ष के छात्र नीतीश ने प्रथम, साथ ही ग्रुप सिंगइंग विधा मे गौरव, मनीष, नीतीश, साहिल, सुशील ने द्वितीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा, स्टेट ब्रांच चंडीगढ द्वारा राज्यस्तरीय शिविर का आयोजन करवाया गया। इस शिविर में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया की ट्रैनिंग कैम्प मे विद्यार्थियों ने ट्रेनिंग, फायर सेफटी, नशा मुक्ति जागरूकता और सीपीआर की विधा मे प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने बताया की विद्याथीयी को समय समय पर इस तरह के प्रशिक्षण शिविर मे हिस्सा लेते रहना चाहिए जिससे की उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से पोषण की महत्वता को बताया



**मतलौडा।** राजकीय महिला महाविद्यालय मतलौडा में सितंबर का महीना पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में पोषण के महत्व से सम्बंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन प्रत्येक सप्ताह किया जा रहा है । यह गतिविधियां कॉलेज प्राचार्य डॉ रामनिवास जंगम के संचालन में व कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर प्रिया अग्रवाल तथा एन एस एस इकाइयों की इंचार्ज लीना रानी और डॉ राखी नेहरा के नेतृत्व में किया गया जा रहा है। इसी के अंतर्गत 18सितम्बर को पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य रामनिवास जंगम ने महाविद्यालय में इस प्रकार की छात्राओ के लिए की जाने वाली सार्थक गतिविधियों के आयोजन की सराहना की व वूमेन सेल तथा एनएसएस प्रभारी को बधाई दी । पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में रिचा प्रथम स्थान ,नेहा द्वितीय व खुशी तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन प्रतियोगिता में सोनम, मीनाक्षी, प्रीति क्रमश: प्रथम ,द्वितिय व तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिकाएं डॉ सीमा, मैडम गरिमा व पूनम भी उपस्थित रही।

### झूठे वादों से नहीं नेक इरादों से होगा पानीपत ग्रामीण का विकास : विजय जैन




**पानीपत।** सर्वजातीय पंचायत के आजाद उम्मीदवार विजय जैन ने आज पानीपत ग्रामीण हलके के गांव शिमला मौलाना, खोदपुरा, चंदौली, मंसूरी, खुटानी, और बाबरपुर में जनसंपर्क किया। हर गांव में विजय जैन का भव्य स्वागत हुआ, जहां फूलमालाओं, पुष्प वर्षा, और विशाल ट्रैक्टरों व मोटरसाइकिल काफिलों के साथ रोड शो निकाला गया। जनसभाओं को संबोधित करते हुए विजय जैन ने कहा, "मैं राजनीति में भाईचारा निभाने आया हूं, धन कमाने के लिए नहीं। भाजपा और कांग्रेस ने मुझे इस्तेमाल कर धोखा दिया है। अब इस धोखे का जवाब आप सभी को 5 अक्टूबर को सेब के निशान पर बटन दबाकर देना है।" जैन ने यह भी कहा कि कांग्रेस का ग्रामीण हल्के में कोई अस्तित्व नहीं बचा है। "कांग्रेस प्रत्याशी बाहरी है और भाजपा के इशारे पर वोट काटने के लिए चुनाव लड़ रहा है। असली लड़ाई भाजपा से है, और कांग्रेस यहां सिर्फ भाजपा को फायदा पहुंचाने आई है। पिछली बार भी इनकी जमानत जब्त हो चुकी है, और इस बार भी ऐसा ही होगा। इस जनसभाओं में सुशील उर्फ शीला, भीम सिंह रोड, सूरजभान, राजवीर संधू, रोहित गौतम, डॉक्टर यासीन, रमेश, संदीप मलिक, एडवोकेट विजेंद्र मलिक, धर्मवीर शर्मा, नरेंद्र संधू, शराफत, राज नारायण, आजाद वाल्मीकि, अशोक वाल्मीकि, सत्य प्रकाश वाल्मीकि, राज नारायण शर्मा और अन्य सम्मानित ग्रामीण उपस्थित थे।

### जनता की हुंकार स्पष्ट, तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार : महीपाल ढांडा



**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण से भाजपा प्रत्याशी महीपाल ढांडा ने बुधवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत कई गांवों में जनता से संपर्क साधा। उन्होंने भारी मतों से भाजपा को विजयी बनाने की अपील की। महीपाल ढांडा ने कुलदीप नगर काबड़ी रोड़ में पहुंचकर एक सभा को सम्बोधित किया और तीसरी बार भाजपा सरकार के संकल्प के साथ वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता की हुंकार स्पष्ट है पानीपत ग्रामीण तीसरी बार फिर से भाजपा सरकार के साथ है। उन्होंने कहा कि पानीपत ग्रामीण के डाहर गाँव में भाजपा सरकार द्वारा शुगर मिल का निर्माण करवाकर गन्ना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इससे न केवल किसानों को फसल का उचित मूल्य मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यह कदम किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी हरियाणा के हर गरीब परिवार को सशक्त बना रही है। पक्का मकान, हर घर में शुद्ध पेयजल और गांव-गांव में तेजी से हो रहे विकास कार्य इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार का लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास है। यह पहल न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मजबूत बना रही है, बल्कि हरियाणा के गांवों को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जा रही है।